आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांक: 23.10.2024
समय : 09:00 ए.एम.

- देश में मौजूद जन औषधि केंद्रों पर चालू वित्त वर्ष में 1 हजार करोड़ की बिक्री हुई।
- राज्य में 7 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत अब तक कुल पांच नामांकन दाखिल हुए।
- प्रदेश में विभिन्न हादसों में 6 लोगों की मौत।
- भारत और पकिस्तान ने श्री करतारपुर साहिब गलियारा समझौते की अवधि पांच वर्ष के लिए बढाने पर सहमति व्यक्त की।

देश में मौजूद जन औषधि केंद्रों पर चालू वित्त वर्ष में 1 हजार करोड़ की बिक्री हुई है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के माध्यम से 30,000 करोड़ रुपए की बचत हुई। फार्मास्युटिकल एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना) के सीईओ रवि दाधीच ने कल जयपुर में पत्रकार वार्ता में बताया कि देश भर में 14,000 से अधिक जन औषधि केंद्र है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, केंद्रों की संख्या में 170 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि अगले 2 साल में देश में 25000 जन औषधि केंद्र होंगे। गौरतलब है कि इन जनऔषधी केन्द्रों के माध्यम से आमजन को सस्ती और गुणवत्तायुक्त दवाईयां उपलब्ध हो पा रही है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत बनाए रखी है। विश्व की आर्थिक स्थिति के बारे में नवीनतम अनुमान में आईएमएफ ने कहा है कि अगले वित्तीय वर्ष 2025–26 में भारत की वृद्धि दर साढे छह प्रतिशत रहने की संभावना है।

राज्य में सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत अब तक कुल पांच नामांकन दाखिल हुए है। निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार कल चार विधानसभा क्षेत्रों में चार नामांकन पत्र भरे गये। कल दौसा, सलूम्बर, चौरासी और देवली–उनियारा विधानसभा सीट के लिए एक–एक पर्चा दाखिल हुआ । नामांकन 25 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवम्बर को होगा। 23 नवम्बर को वोटों की गिनती की जाएगी।

प्रदेश में निवेश आकर्षित करने और प्रदेश के विकास के उद्देश्य से जिलों में आयोजित हो रही इन्वेस्टर्स मीट के तहत पाली जिले का निवेशक सम्मेलन आज फालना में आयोजित हो रहा है। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने इस मीट की तैयारियों का कल जायज़ा लिया। मीट के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

......

उधर डीग जिले में भी आज इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की जा रही है। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बताया कि समिट से पहले 109 करोड़ रुपये से अधिक के 16 एमओयू हो चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में इन्वेस्टर मीट कल होगी। इसमें 10 हज़ार करोड़ रुपये के एमओयू होने की उम्मीद है। जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। इसी को लेकर कल अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार ने 22–गोदाम और सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों और निवेशकों से संवाद किया।

आज पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत की 101वीं जयंती है। इस अवसर पर उनकी स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जयपुर के विद्याधर नगर स्थित भैरोसिंह शेखावत स्मृति स्थल पर

शाम को प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा। उनके पैतृक गांव खाचरियावास में भी पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाजपा और अन्य दलों के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

प्रदेश में विभिन्न हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई है। एक हादसा आज सुबह जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटित हुआ, जहां बहरोड़ में दिल्ली से जयपुर जा रही एक स्लीपर बस ट्रोले से टकरा गई। हादसे में बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई और 46 लोग घायल हो गए। 17 गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद है। उधर सीकर के फतेहपुर के सरदारपुरा इलाके में कल सीवरेज टैंक की सफाई करने उतरे तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक मजदूर को बचाने के लिए उसके दो साथी टैंक में उतरे थे। तभी ये हादसा हुआ।

जैसलमेर से म्याजलार तक भारत माला प्रॉजेक्ट के तहत बनने वाली 137 किलोमीटर सड़क को राष्ट्रीय वन्य बोर्ड की अनुमति मिल गई है। मंजूरी के बाद अब आगे की कार्यवाही की जाएगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस स्वीकृति के बाद यहां पर्यटन व्यवसाय को मजबूती मिलेगी।

भारत और पकिस्तान ने श्री करतारपुर साहिब गलियारा समझौते की अवधि पांच वर्ष के लिए बढाने पर सहमति व्यक्त की है। भारत से पाकिस्तान के करतारपुर में स्थित, गुरूद्वारा दरबार साहिब तक तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर 2019 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके विस्तार से तीर्थयात्रियों के लिए श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर का निर्बाध संचालन सुनिश्चित होगा। पाकिस्तान द्वारा लगाए जाने वाले यात्रा शुल्क, बीस डॉलर प्रति यात्री को हटाने के संबंध में तीर्थयात्रियों के लगातार अनुरोध के बीच भारत सरकार ने पाकिस्तान से एक बार फिर तीर्थयात्रियों से इस प्रकार का कोई भी शुल्क नहीं लेने का आग्रह किया है।

जयपुर में आज पिंक सिटी प्रेस क्लब का स्थापना दिवस  समारोह आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑडिटोरियम में पत्रकार सम्मान कार्यकम रखा गया है। इसमें केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शिरकत करेंगे। समारोह में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले, कल शाम प्रेस क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दीपावली सहित विभिन्न त्यौहारों को देखते हुए खाद्य विभाग और चिकित्सा विभाग की ओर से मिलावटखोरी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कल जयपुर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि किशनगढ़ रेनवाल की कृषि उपज मंडी में निरीक्षण कार्रवाई की गई। इस दौरान 125 बोरी में भरी हुई लगभग 7 हजार 650 किलो सरसों के स्टॉक के नमूने लिये गये और मंडी अधिकारियों और पुलिस की मौजदूगी में इसे सीज किया गया। श्री ओझा ने बताया कि यह कार्यवाही सरसों के नकली होने के संदेह पर की गई है। नमूने को जांच के लिए खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।